


नवभारत
भोपाल, बुधवार, 15 जुलाई, 2026


# शासकीय जमीन पर कब्जा करने वालों को सिविल जेल भेजने के निर्देश

## कलेक्टर ने सुनीं आवेदकों की समस्याएं, मंगलवार की जनसुनवाई में आए 324 आवेदक

नवभारत न्यूज

**अशोकनगर।** जिला मुख्यालय पर मंगलवार को आयोजित साप्ताहिक जनसुनवाई में कलेक्टर साकेत मालवीय ने आमजन की समस्याओं और शिकायतों को गंभीरता से सुना। इस दौरान जिलेभर से आए 324 आवेदकों ने अपनी समस्याओं से जुड़े आवेदन प्रस्तुत किए। कलेक्टर ने प्रत्येक आवेदन का बारीकी से अवलोकन करते हुए अधिकारियों को समय-सीमा में संवेदनशील निराकरण के निर्देश दिए। जनसुनवाई में जमीन नामांतरण, रास्ता दिलाने, अतिक्रमण हटाने, बिजली बिल कम करने और आर्थिक सहायता



जैसे कई मामले आए, जिनमें झागर के राजकुमार सिंह और मुंगावली के राजेंद्र सिंह ने नामांतरण हेतु आवेदन दिया। बामोरी लाल की मीरा अहिरवार, शाढोरा के यासीन हैदर और करमई के बुंदेल यादव ने रास्ता दिलाने की मांग की। छैबलाई की सम्पत बाई कुशवाह ने पीएम किसान सम्मान निधि की राशि दिलाने की गुहार लगाई। इस अवसर पर अपर कलेक्टर डी.एन. सिंह, संयुक्त कलेक्टर आर.बी. सिण्डोस्कर, एसडीएम इसरार खान सहित तमाम जिला अधिकारी व्यक्तिगत रूप से उपस्थित रहे। इसके अलावा अन्य ब्लॉक के एसडीएम, तहसीलदार और जनपद सीईओ गूगल मीट के जरिए ऑनलाइन जुड़े रहे।

### अतिक्रमणकारियों पर सख्ती, सीधे होगी सिविल जेल की कार्रवाई

कलेक्टर ने शासकीय जमीनों और रास्तों पर अवैध कब्जे की शिकायतों को बेहद गंभीरता से लिया। उन्होंने जिले के सभी एसडीएम और तहसीलदारों को कड़े लहजे में निर्देशित किया कि विवादित और शासकीय जमीनों पर कब्जा करने वालों को तत्काल नोटिस जारी किए जाएं और नियमानुसार उनके विरुद्ध सिविल जेल की सख्त कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।

### लोक शांति भंग करने पर शस्त्र लाइसेंस होगा निलंबित

जनसुनवाई के दौरान एक गंभीर मामले पर संज्ञान लेते हुए कलेक्टर ने मुंगावली निवासी जितेंद्र लोधी का शस्त्र लाइसेंस निलंबित करने की कार्रवाई के निर्देश दिए। जितेंद्र लोधी पर आपसी झगड़े के दौरान अपनी लाइसेंसी बंदूक का इस्तेमाल कर लोक शांति भंग करने का आरोप है। इसके तहत एसडीएम मुंगावली को आवश्यक कानूनी कार्रवाई करने को कहा गया है।

### फर्जी फाइनेंस कंपनियों पर कसेगा शिकंजा

ईसागढ़ क्षेत्र से आई शिकायतों के आधार पर कलेक्टर ने सभी अनुविभागीय अधिकारियों को अपने-अपने क्षेत्रों में संचालित हो रहीं फर्जी फाइनेंस कंपनियों की जांच करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि ऐसी धोखेबाज कंपनियों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाए ताकि ग्रामीण और आम नागरिक इनके झूठे झांसे में आकर अपनी गाढ़ी कमाई न गंवाएं।



# नगरपालिका अध्यक्ष नीरज मनोरिया का औचक निरीक्षण

**जनता के कामों में लापरवाही बर्दाश्त नहीं**

**कर्मचारियों को दिये सख्त निर्देश**

नवभारत न्यूज

**अशोकनगर।** नगर पालिका कार्यालय की कार्यप्रणाली को सुदृढ़ करने और आमजन की समस्याओं का त्वरित निराकरण सुनिश्चित करने के लिए नगर पालिका अध्यक्ष नीरज मानोरिया एक्शन मोड में नजर आए। उन्होंने मंगलवार को अचानक नगर पालिका कार्यालय पहुंचकर औचक निरीक्षण किया। इस औचक कार्रवाई से कार्यालय में हड़कंप का माहौल रहा।

निरीक्षण के दौरान अध्यक्ष श्री मानोरिया ने सबसे पहले विभिन्न शाखाओं का रुख किया और कर्मचारियों की उपस्थिति पंजिका (हाजिरी रजिस्टर) की सघन जांच की। उन्होंने कार्यालयीन अनुशासन का जायजा लेते हुए स्पष्ट किया कि समयबद्धता और अनुशासन से कोई समझौता नहीं किया जाएगा। इसके बाद उन्होंने कंप्यूटर ऑपरेटरों की कार्यप्रणाली का बारीकी से अवलोकन किया। श्री मानोरिया खुद आपरेटरों के पास बैठे और देखा कि आम जनता की शिकायतों व आवेदनों को सिस्टम पर किस प्रकार दर्ज और प्रोसेस किया जा रहा है।

### हितग्राहियों की संतुष्टि ही हमारी प्राथमिकता

अध्यक्ष ने मौके पर मौजूद अधिकारियों और कर्मचारियों को सख्त लहजे में निर्देशित किया कि कार्यालय आने वाले हर नागरिक और हितग्राही की समस्याओं का प्राथमिकता से समाधान होना चाहिए। उन्होंने कामकाज में गति लाने और सरकारी योजनाओं का लाभ पात्र व्यक्तियों तक बिना किसी परेशानी के पहुँचाने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए।

## एक नजर में



### विपिल ने सूबेदार-सबइंस्पेक्टर परीक्षा में पूरे प्रदेश में किया टॉप

**नवभारत अशोकनगर।** पुलिस की शिकायत शाखा में कार्यरत विपिल रघुवंशी ने अपनी प्रतिभा और कड़ी मेहनत के दम पर जिले सहित पूरे मध्यप्रदेश का नाम रोशन किया है। उन्होंने सूबेदार सबइंस्पेक्टर (सीमित सेवा) परीक्षा-2025 की शारीरिक दक्षता परीक्षा में 100 में से 86 अंक प्राप्त कर पूरे प्रदेश में प्रथम स्थान हासिल किया है। वहीं अपनी कैटेगरी की ओवरऑल मेरिट में उन्होंने चौथा स्थान प्राप्त किया है। विपिल ने पुलिस विभाग में 13 वर्षों की निरंतर सेवा के बाद जॉब में रहते हुए यह बड़ी सफलता हासिल की है। अक्सर पुलिस की फिटनेस पर उठने वाले सवालों का विपिल ने अपनी इस शानदार उपलब्धि से सकारात्मक जवाब दिया है। विपिल ने बताया कि उनके पिता आर्मी में थे, जिनसे उन्हें अनुशासित जीवन जीने की प्रेरणा मिली और इसी का परिणाम आज सबके सामने है।

**ननिहाल में ढोल-बाजे के साथ भव्य स्वागत:**

चयन के पश्चात जब विपिल अपने ननिहाल सोनेरा चक्क पहुंचे, तो पूरे गांव ने पलक-पावड़े बिछाकर उनका स्वागत किया। ग्रामीणों ने ढोल-बाजे के साथ गांव में एक भव्य विजय जुलूस और सम्मान समारोह आयोजित किया। विपिल की इस ऐतिहासिक सफलता पर अशोकनगर पुलिस विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों और साथी कर्मचारियों ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य और एक बेहतरीन विवेचक बनने की कामना की है।

### बच्चों के सर्वांगीण विकास हेतु प्रेरणादायी सेमिनार का आयोजन

**नवभारत अशोकनगर।** गुना रोड, बरखेड़ी स्थित संस्कार अकादमी स्कूल में मंगलवार को कक्षा 3 से कक्षा 12 तक के विद्यार्थियों के लिए एक प्रेरणादायी सेमिनार का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्रसिद्ध मोटिवेशनल स्पीकर शशि सलूजा ने विद्यार्थियों को जीवन में सफलता प्राप्त करने के लिए सकारात्मक सोच, अनुशासन एवं आत्मविश्वास का महत्व समझाया।

अपने प्रेरक संबोधन में उन्होंने विद्यार्थियों को बताया कि जीवन में आने वाली कठिनाइयों का साहस एवं धैर्य के साथ सामना कैसे करें तथा अपने माता-पिता, शिक्षकों एवं बड़ों का सम्मान करना क्यों आवश्यक है। उन्होंने विद्यार्थियों को अच्छे संस्कार, नैतिक मूल्यों, समय के सदुपयोग एवं लक्ष्य के प्रति समर्पित रहने का संदेश दिया। इस प्रेरणादायी सेमिनार में कक्षा 3 से कक्षा 12 तक के सभी विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया तथा विभिन्न प्रेरक गतिविधियों एवं संवाद सत्र के माध्यम से महत्वपूर्ण जीवन मूल्यों को समझा। वहीं विद्यालय के निदेशक राजदीप सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि विद्यार्थियों के व्यक्तित्व विकास के लिए केवल शैक्षणिक शिक्षा ही नहीं, बल्कि नैतिक एवं चारित्रिक शिक्षा भी उतनी ही आवश्यक है। उन्होंने कहा कि ऐसे प्रेरणादायी कार्यक्रम विद्यार्थियों में आत्मविश्वास, सकारात्मक सोच एवं नेतृत्व क्षमता का विकास करते हैं तथा उन्हें भविष्य की चुनौतियों का सामना करने के लिए तैयार करते हैं। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय परिवार ने शशि सलूजा का आभार व्यक्त किया।

# विधायक की संवेदनशीलता : पुणे में मृत मजदूर का पार्थिव शरीर पैतृक गांव कोलुआ भिजवाया

## ग्रामीणों की शिकायत, अब मुक्तिधाम पर जल व्यवस्था का भी दिलाया भरोसा

नवभारत न्यूज

**अशोकनगर, 14 जुलाई.** विधानसभा क्षेत्र के ग्राम कोलुआ निवासी महेंद्र आदिवासी के असामयिक निधन पर क्षेत्र के विधायक इंजी. हरिबाबू राय ने संवेदनशीलता की अनूठी मिसाल पेश की है। स्वर्गीय महेंद्र आदिवासी पुणे (महाराष्ट्र) में मजदूरी का कार्य करते थे, जहाँ अचानक हृदयाघात (हार्ट अटैक) आने से उनका निधन हो गया था। इस दुखद घटना की जानकारी मिलते ही शोकाकुल परिजन विधायक इंजी. हरिबाबू राय से मिले और मदद की गुहार लगाई।

विधायक ने तत्काल संवेदनशीलता दिखाते हुए पुणे के प्रशासनिक अधिकारियों और स्थानीय संपर्कों से समन्वय स्थापित किया। उनके व्यक्तिगत व सतत प्रयासों के चलते दिवंगत महेंद्र का पार्थिव शरीर सकुशल उनके पैतृक गांव कोलुआ लाया गया, जिससे परिजनों को अंतिम दर्शन और विधि-विधान से अंतिम संस्कार करने का ढाढस मिल सका।



### मुक्तिधाम पर पेयजल संकट दूर करने की पहल

अंतिम संस्कार के दौरान ग्रामीणों ने विधायक का ध्यान मुक्तिधाम में पानी की गंभीर समस्या की ओर आकर्षित कराया। ग्रामीणों ने बताया कि पानी की व्यवस्था और हैंडपंप न होने से अंतिम संस्कार के समय लोगों को भारी परेशानी होती है। ग्रामीणों की पीड़ा को गंभीरता से लेते हुए विधायक इंजी. हरिबाबू राय ने मौके से ही कलेक्टर और लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग को पत्र लिखकर मुक्तिधाम के समीप शीघ्र हैंडपंप स्थापित करने और सुचारू जल व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। विधायक ने ग्रामीणों को आश्वस्त किया कि इस जनहित के कार्य को प्राथमिकता से पूर्ण कराया जाएगा।

# केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया का चार दिवसीय दौरा आज से प्रारंभ

**अशोकनगर।** केंद्रीय दूरसंचार एवं पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्री श्री ज्योतिरादित्य सिंधिया 15 से 18 जुलाई 2026 तक जिले के चार दिवसीय सघन दौरे पर रहेंगे। भाजपा जिला मीडिया प्रभारी डॉ. हरवीर सिंह रघुवंशी ने बताया कि इस दौरान केंद्रीय मंत्री करोड़ों के विकास कार्यों की सौगात देंगे। 15 जुलाई रात्रि 10 बजे भोपाल से अशोकनगर सर्किट हाउस आगमन एवं रात्रि विश्राम। 16 जुलाई को सुबह तार वाले बालाजी मंदिर में दर्शन के बाद जनसंपर्क कार्यालय में आमजन की समस्याएं सुनेंगे। इसके बाद विधि महाविद्यालय में आजीविका मिशन के स्व-सहायता समूहों से संवाद और बहादुरपुर मंडी में कृषि सम्मेलन में भाग लेंगे। शाम को सेमरखेड़ी में विद्युत सब-स्टेशन का लोकार्पण करेंगे। इसके अलावा 17 जुलाई को कलेक्ट्रेट में जिला विकास समन्वय और निगरानी समिति की बैठक और प्रेस कॉन्फ्रेंस करेंगे। इसके बाद सेमरी शाहबाद में ग्राम चौपाल, रेलवे स्टेशन के जीर्णोद्धार का उद्घाटन और तुलसी सरोवर पर पीएम स्वनिधि के लाभार्थियों से संवाद करेंगे। शाम को पारकना में विभिन्न विकास कार्यों का शिलान्यास व लोकार्पण होगा।

# गौरवशाली इतिहास को जाने युवा पीढ़ी

**भारतीय जैन मिलन की वर्चुअल रैली संपन्न**

**वक्ताओं ने रखे अपने अपने विचार**

नवभारत न्यूज

**अशोकनगर। भारतीय जैन मिलन क्षेत्र-12 द्वारा जैन सम्राट गौरव वर्ष के अंतर्गत ज़ूम ऐप पर एक विशाल वर्चुअल रैली का आयोजन किया गया। इस रैली में क्षेत्र के सैकड़ों सदस्यों ने हिस्सा लेकर राष्ट्रीय नेतृत्व के विचारों को सुना। रैली के प्रारंभ में विशिष्ट राष्ट्रीय संरक्षक विजय जैन (गुना) ने जैन सम्राट गौरव वर्ष के महत्व पर प्रकाश डाला।**

उन्होंने कहा कि जो समाज अपने इतिहास से अनभिज्ञ रहता है, वह अपने धर्म और संस्कृति पर गौरव नहीं कर सकता। नई पीढ़ी को अपने गौरवशाली अतीत से परिचित कराने के उद्देश्य से ही यह वर्ष विशेष रूप से मनाया जा रहा है। मुख्य वक्ता व भारतीय जैन मिलन के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुरेश जैन रितुराज ने जैन इतिहास के अनेक अनछुए पहलुओं को साझा किया। उन्होंने चिंता व्यक्त करते हुए कहा हमारे समाज के कई लोग अपने नाम के साथ जैन नहीं लिखते हैं। इस वजह से सरकारी और सामाजिक स्तर पर हमारी वास्तविक जनसंख्या कम आंकी जाती है। नतीजतन, संसद और विधानसभाओं में हमारा प्रतिनिधित्व शून्य हो गया है, जिससे हमारे तीर्थ क्षेत्रों और साधुओं की सुरक्षा प्रभावित हो रही है।




### जैन सम्राटों का भारत की उन्नति में बड़ा योगदान

राष्ट्रीय अध्यक्ष ने चंद्रगुप्त मौर्य, अमोघवर्ष, महारानी अब्बक्का चौटा, बिंदुसार और महाराज संप्रति जैसे महान शासकों का उल्लेख किया, जिन्होंने अहिंसा व न्याय के साथ शासन किया और अंत समय में मुनि दीक्षा लेकर संल्लेखना अंगीकार की। रैली के प्रभारी राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सुभाष जैन कैंची रहे। कार्यक्रम के अंत में राष्ट्रीय मंत्री नरेशचंद जैन ने सभी सहयोगियों एवं सहभागियों का आभार व्यक्त किया।

### दहेज प्रताड़ना का मामला दर्ज

**अशोकनगर।** पिपरई थाने में दहेज प्रताड़ना के तहत मामला दर्ज किया गया है। पुलिस ने रामकुमारी की शिकायत पर चार लोगों पर एफआईआर की है।

# अभिभाषक संघ ने एसपी का किया सम्मान

**मूक बाधिर बालिका को न्याय दिलाया**

**8 माह के अंदर आरोपियों को मिली सजा**

नवभारत न्यूज

**अशोकनगर।** एक मूक-बधिर बालिका को त्वरित न्याय दिलाने और आरोपी को कड़ी सजा दिलवाने में अनुकरणीय भूमिका निभाने पर अभिभाषक संघ अशोकनगर ने पुलिस अधीक्षक राजीव कुमार मिश्रा का सम्मान किया।

दरअसल इस मामले में पुलिस की सजगता, त्वरित विवेचना और मजबूत पैरवी के चलते माननीय न्यायालय ने मात्र आठ माह के भीतर ऐतिहासिक फैसला सुनाया। कोर्ट ने दोषी को अंतिम सांस तक आजीवन कारावास की सख्त सजा से दंडित किया। पुलिस प्रशासन के इस त्वरित और संवेदनशील कार्य की चारों ओर सराहना हो रही है।



**प्रशंसा पत्र भेंट कर किया सम्मानित:**

पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचे अभिभाषक संघ के प्रतिनिधिमंडल ने एसपी राजीव कुमार मिश्रा से मुलाकात की। संघ के अध्यक्ष चंद्रशेखर साहू एवं सचिव रामनिवास शर्मा द्वारा एसपी को प्रशंसा पत्र भेंट कर सम्मानित किया गया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई। इस अवसर पर अभिभाषक संघ के कोषाध्यक्ष राहुल मिश्रा, कार्यकारिणी सदस्य राजेश शुक्ला, उपेन्द्र पाराशर, उमेश यादव, रोहिताश शर्मा एवं मीडिया प्रभारी दुर्गेश जाटव मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

**ज्ञापन** — अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने शिक्षा व्यवस्था में सुधार को लेकर डीईओ को सौंपा ज्ञापन

# निजी स्कूलों की मनमानी और सुरक्षा पर उठाए सवाल

नवभारत न्यूज

**अशोकनगर।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद द्वारा छात्रों के हितों और जिले की शिक्षा व्यवस्था में व्याप्त अनियमितताओं को लेकर जिला शिक्षा अधिकारी के नाम एक विस्तृत ज्ञापन सौंपा गया। परिषद ने सभी मुद्दों पर समयबद्ध जांच और कड़ी कार्रवाई की मांग की है।

ज्ञापन में एबीवीपी ने प्रमुख रूप से निजी विद्यालयों द्वारा पालकों पर निर्धारित दुकानों से ही ड्रेस और पुस्तकें खरीदने के लिए बनाए जा रहे दबाव पर चिंता जताई और दोषी संस्थानों पर कठोर कार्रवाई की मांग की। इसके साथ ही, हाल ही में निर्मित सीएम राइज विद्यालय भवन, परिसर और साइकिल स्टैंड के निर्माण कार्य की तकनीकी व वित्तीय जांच कराने की मांग की गई ताकि निर्माण में हुई अनियमितताओं को सामने लाया जा सके।



**छात्रों की सुरक्षा और स्टेडियम की अव्यवस्था पर ध्यान आकर्षित किया:**

परिषद ने शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय में छात्र संख्या के अनुपात में अतिरिक्त कक्षों के शीघ्र निर्माण की मांग रखी। इसके अलावा जिले के सभी निजी कोचिंग संस्थानों और लाइब्रेरियों में अग्नि सुरक्षा, विद्युत सुरक्षा तथा आपातकालीन निकास जैसे मानकों की संयुक्त जांच कराने की मांग की ताकि दिल्ली जैसी किसी अप्रिय घटना को रोका जा सके। वहीं संजय स्टेडियम में असामाजिक तत्वों का जमावड़ा रहता है और खिलाड़ियों के साथ अनुचित व्यवहार होता है। यहाँ नियमित सुरक्षा और निगरानी बेहद जरूरी है। वहीं कार्यकर्ताओं ने चेतावनी दी कि यदि इन मांगों पर जल्द प्रभावी कार्रवाई नहीं हुई, तो परिषद चरणबद्ध आंदोलन के लिए बाध्य होगी। इस अवसर पर विभाग संयोजक अमन रघुवंशी, ललित रघुवंशी, गोविंद गोस्वामी, भूपेंद्र ओझा, विपिन कुमार, पृथ्वी सोनी, शिवकांत शर्मा, यशवर्धन योगी सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# नशे के खिलाफ पुलिस की बड़ी मुहिम 15 जुलाई से प्रारंभ

नवभारत न्यूज

**अशोकनगर।** मध्यप्रदेश शासन और पुलिस मुख्यालय भोपाल के निर्देशानुसार जिले में मादक पदार्थों के खिलाफ जंग छिड़ने जा रही है। युवाओं को नशे की लत से बचाने और समाज को जागरूक करने के लिए 15 जुलाई से 30 जुलाई 2026 तक विशेष जनजागरूकता अभियान नशे से दूरी है जरूरी 2.0 का आयोजन किया जाएगा।

पुलिस अधीक्षक राजीव कुमार मिश्रा ने जिले के सभी थाना प्रभारियों और पुलिस अधिकारियों को इस अभियान को व्यापक जनभागीदारी के साथ प्रभावी बनाने के निर्देश दिए हैं।

अभियान के तहत आयोजित होने विभिन्न गतिविधियां

जिलेभर के स्कूलों, कॉलेजों, कोचिंग संस्थानों और ग्राम पंचायतों में जागरूकता के लिए विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे, जिनमें रैलियां निकालने के साथ युवाओं और नागरिकों को नशे के खिलाफ संकल्प दिलाया जाएगा। वहीं स्कूलों में प्रतियोगिताएं आयोजित कराई जिनमें चित्रकला, निबंध, भाषण, वाद-विवाद और स्लोगन लेखन। इसके अलावा डिजिटल अवेयरनेस के सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स (फेसबुक, इंस्टाग्राम, एक्स) के जरिए विशेष संदेश प्रसारित किए जाएंगे। वहीं नुक्कड़ नाटक, संगोष्ठियां और परिचर्चाएं।

**अवैध कारोबारियों पर होगी सख्त कार्रवाई:**

जागरूकता के साथ-साथ पुलिस मादक पदार्थों की अवैध बिक्री, परिवहन और तस्करी करने वालों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई करेगी।

**न्यायालय :- महेन्द्र सिंह, व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ खण्ड चंदेरी, जिला अशोकनगर, मप्र**

प्रकरण क्रमांक एम.जे.सी. एस.यू.सी/04/2026
चंदेरी, दिनांक 13-07-26

हरिराम लोधी आदि आवेदकगण
विरूद्ध
श्रीमान H.R. Tec. Mahindra Limited आदि अनावेदकगण

**//विज्ञप्ति//**

बनाम
01. सर्व साधारण

एतद द्वारा आप को सूचित किया जाता है कि आवेदक क्रमांक-01 हरिराम लोधी पुत्र जानकी प्रसाद लोधी, आयु 51 साल, आवेदक कमांक-02 श्रीमती फूलवती पत्नी हरिराम लोधी, उम्र 49 साल, निवासीगण ग्राम बुढावली, तहसील चंदेरी, जिला अशोकनगर, मप्र के द्वारा आप के विरूद्ध मृतक रामेश्वर पुत्र हरिराम लोधी, निवासी ग्राम बुढावली, तहसील चंदेरी, जिला अशोक नगर, मप्र महेन्द्रा टेक कंपनी में इन्टरवर्क इंजीनियर के पद पर पदस्थ था, उसकी मृत्यु दिनांक 27 दिसम्बर 2025 को हो गई है तथा रामेश्वर लोधी की महेन्द्रा टेक कंपनी में इन्टरवर्क इंजीनियर के पद पर पद स्थापना की अवधि पर भविष्य निधि बीमा राशि 25,00,000/- रूपये (शब्दों में पच्चीस लाख रूपये) प्राप्त करने के लिए आवेदक कमांक-01. हरिराम लोधी को नोमिनी होने से आवेदकगण द्वारा दावा प्रस्तुत किया गया है, जो कि उत्तराधिकार प्रमाण पत्र प्राप्त करने हेतु उत्तराधिकार अधिनियम की धारा-372 के अंतर्गत इस न्यायालय में दावा पेश किया गया। अतः आप उक्त नियत दिनांक 12.08.2026 को स्वयं अथवा अभिभाषककेद्वारा इस न्यायालय में दिन के 11:00 बजे उपस्थित होकर अपना जबाव दावा प्रस्तुत करे। आपकी अनुपस्थिति की दशा में आपके विरूद्ध एकपक्षीय कार्यवाही की जावेगी।

आज दिनांक 08.07.2026 को मेरे हस्ताक्षर व पदमुद्रा से जारी किया गया।

**महेन्द्र सिंह**
**व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ खण्ड,**
**चंदेरी जिला अशोकनगर, मप्र**